दाऊजी का हुरंगाः गोपों के नंगे बदन पर बरसे प्रेम पगे कोड़े

सैकड़ों महिलाएं परंपरागत पोशाक लहंगा, फरिया, स्वर्ण आभूषण पहनकर गायन के साथ नृत्य किया

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। बलदेव में मंगलवार को ब्रज के राजा श्री दाऊजी महाराज का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा मनाया गया। हुरंगा पर हुरियारिनें नृत्य महारास किया। इसे देखने को लोगों का जनसैलाब उमड़ा। बैंड-बाजे की धुन पर होली रसिया गीतों का गायन किया गया। नृत्य महारास चला। सैकड़ों महिलाएं परंपरागत पोशाक लहंगा, फरिया, स्वर्ण आभूषण पहनकर गायन के साथ नृत्य किया। इस विश्व प्रसिद्ध हुरंगे को देखने के लिए आगरा जोन एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, आईजी आगरा दीपक कुमार सहित एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय परिवार के साथ पहुंचे। वहीं इस मौके पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

मंगलवार को श्री दाऊजी महाराज का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा देखने को भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया। हुरियारिनों ने हुरियारों के नंगे बदन पर तड़ातड़ कोड़ों की मार लगाई। हुरंगा के नायक शेषावतार श्री दाऊजी महाराज रहे। हुरंगा में पुरुषों के गोप समूह को महिलाओं की गोपिका

स्वरूपों द्वारा प्रेम से भीगे कोड़ों की मार लगाई गई। कपड़े फाड़कर नंगे बदन पर कोड़े पड़े तो दृश्य देखकर दर्शक आनंदित हो उठे। हुरंगा 12 बजे शुरू हुआ। गोपिका स्वरूप महिलाएं परंपरागत लहंगा फरिया पहनकर पहुंची। मंच पर श्रीकृष्ण-बलराम सखाओं ने अबीर गुलाल उड़ाया। हुरंगा में गोस्वामी श्री कल्याण देव जी के वंशज सेवायत पांडेय समाज ही खेलते हैं। समाज गायन में 'होली आई रे श्याम सुध लीजो' के स्वर सुनाई दिए। महिलाओं ने 'नंद के तोते गोरी जब खेलूं मेरी पोहची में नग जड़वाय, स्वरों का गायन किया। महिलाएं, पुरुषों के बदन से कपड़े फाड़कर उसका कोड़ा बनाया। इसे ठेशू के रंग में भिगोकर उनके नंगे बदन पर कोड़े बरसाए। कोड़े पड़ने के साथ ही पुरुष थिरक पड़ते। वह अपनी चोट छिपाने के लिए गायन और नृत्य करने लगे। छतों से गुलाल, फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं। इस मौके पर लाल रंग के गुलाल से जैसे लाल बदरा ही छा गए हों।

10मन टेसू के फूल, 24 मन केसरिया रंग से हुआ बलदेव का हुरंगा

दाऊजी हुरंगा में मंदिर प्रांगण में 10 मन टेसू के फूल, 24 मन केसरिया रंग व चदन, 42 मन अबीर-गुलाल, 20 मन गुलाब व विभिन्न फूलों का प्रयोग होगा। छह मन भुड़भुड़, चार मन फिटकरी, पांच मन चूना के प्रयोग किया गया। वहीं टेशू के रंग में केसर, चूना, फिटकरी मिलाकर प्राकृतिक रूप से रंग तैयार किया गया। गुलालों को मशीनों में भरकर उड़ाया गया। दर्जनों पानी व रंगों के फव्वारे लगाए गए।

हुरंगा में हुरियारिनें झंडा छीनने का प्रयास करती रहीं। वहीं पुरुष उसे बचाने के प्रयास में जुटे रहे। अनंतः महिलाएं झंडा छीनने में सफल हो गईं। इसके बाद महिलाओं ने 'हारे रे रसिया जीत चली ब्रज नारि' का गायन किया। इसके बाद हुरंगा संपन्न हुआ। लोगों ने अपने घरों को प्रस्थान किया। इस अवसर पर मंदिर रिसीवर ने डीएम से शिकायत की। उन्होंने नगर पंचायत की उदासीनता व लापरवाही की बात बताई। कहा कि ईओ ने पचास हजार रुपए की मांग की थी। पैसे न देने पर कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। इससे सेवायतों में आक्रोश है।

इस मौके पर एसडीएम दीपिका मेहर, नायब तहसीलदार साविका शर्मा, नायब तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता, थानाध्यक्ष संजय त्यागी, सीओ भूषण वर्मा और रिसीवर आरके पांडेय सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने व्यवस्था संभाली। साथ ही व्यवस्थाओं का जायजा लेने आइजी, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसपी देहात त्रिगुन विसेन भी पहुंचे। हुरंगा में विधायक पूरन प्रकाश भी शामिल हुए। इसके अलावा मथुरा, आगरा, हाथरस और अलीगढ़ से दर्जनों साधु-संत पहुंचे।

संस्कृति विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। ये रजिस्ट्रेशन लगभग सभी विषयों में किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के एडमीशन सेल का कहना है कि इस रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का लाभ विद्यार्थियों को तो मिलता ही है साथ ही विवि के कामकाज में भी राहत प्रदान करता है। प्रवेश संबंधी सभी नियम, कायदों और मैरिट के आधार पर खरे उतरने वाले विद्यार्थियों की आनलाइन प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को विवि में प्रवेश दिया जाएगा।

संस्कृति विश्वविद्यालय के एडमीशन सेल के अधिकारी विजय सक्सैना ने बताया कि अनेक स्तर पर किए गए सर्वे में सामने आया है कि संस्कृति विवि में प्रवेश की चाह रखने वाले विद्यार्थियों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। यही वजह कि विश्वविद्यालय भी अपने संसाधनों में तेजी से बढ़ोत्तरी कर रहा है। आज विश्वविद्यालय में चाहे वो इंजीनियरिंग की कोई ब्रांच हो या फिर मैनेजमेंट की सभी के शिक्षण की उच्चकोटि की व्यवस्था है। बच्चों के रहने के लिए मानकों के अनुरूप हास्टल हैं। खेलने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैदान है। अध्ययन और शोध के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं हैं। कल्चरल एक्टीविटी और सेमिनार के लिए खुले मंच, सभागार और अत्याधुनिक आडिटोरियम है।

विद्यार्थियों के ज्ञानवर्द्धन के लिए विश्वविद्यालय में जहां विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थानों के विषय विशेषज्ञ बुलाए जाते हैं तो वहीं मनोरंजन के लिए ख्यातिप्राप्त कलाकारों के कार्यक्रम कराए जाते हैं। विद्यार्थियों के शारीरिक सौष्ठव के साथ-साथ उनके मानसिक स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जाता है। हर वर्ष खेल समारोह विद्यार्थियों में प्रतियोगिता की भावना को बनाए रखते हैं। एडमीशन सेल के अधिकारी ने बताया कि संस्कृति विवि में आयुर्वेद की शिक्षा के लिए अपना एक मेडिकल कालेज है। संस्कृति आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में पूरा अस्पताल संचालित होता है, जिसमें प्राचीन भारतीय चिकित्सा के माध्यम से योग्य और अनुभवी चिकित्सक असाध्य रोगों का निदान करते हैं। यहां अतंर्राष्ट्रीय स्तर का वेलनेस सेंटर भी है जिसमें केरलीय पंचकर्मा से शरीर को पूर्ण स्वस्थ बनाया जाता है। कुछ वर्षों से आयुर्वेदिक चिकित्सा को सीखने के लिए विद्यार्थियों में बहुत उत्सुकता बढ़ी है और वे बड़ी संख्या में इसमें प्रवेश के लिए आवेदन कर रहे हैं। बैचलर आफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंस की डिग्री का वही महत्व है जो एमबीबीएस की डिग्री का है। उन्होंने बताया कि विवि में व्यक्तिगत रूप से या फिर विवि की वेबसाइट पर जाकर ये रजिस्ट्रेशन कराए जा सकते हैं। जागरूक विद्यार्थियों ने अपने पसंदीदा विषयों में रजिस्ट्रेशन कराने शुरू भी कर दिए हैं।

श्री चैतन्य महाप्रभु भगवान के संकीर्तन अवतार: चंचलापति दास



तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। ब्रजमंडल की विश्व प्रसिद्ध होली महोत्सव के मध्य फाल्गुन मास पूर्णिमा (गौर पूर्णिमा) को गौड़िया वैष्णव सम्प्रदाय के प्रवर्तक, श्रीधाम वृन्दावन के प्राकट्यकर्ता चैतन्य महाप्रभु के अवतरण दिवस के रूप में मनाया गया। भक्ति वेदांत स्वामी मार्ग स्थित वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में गौरांग महाप्रभु की 539वीं जयंती पर मंदिर प्रांगण में फूल बंगला, छप्पन भोग, पालकी उत्सव, महाभिषेक, हरिनाम संकीर्तन एवं फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। भक्तों को सम्बोधित करते हुए चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष श्री चंचलापति दास ने चैतन्य चरितामृत के श्लोक पृथ्वी ते आछे जत, नगर आदि ग्राम। सर्वत्र प्रचार हइवेक, मोर गुण नाम। का भाव समझाते हुए कहा कि श्री चैतन्य महाप्रभु ने स्वयं कहा है कि पृथ्वी पर जितने भी नगर ग्राम आदि हैं सभी जगह मेरे नाम गुण का प्रचार होगा। उन्होंने भगवत गीता के श्लोक 10वें अध्याय के 10 वे श्लोक का भाव समझाते हुए कहा कि भगवान भगवत गीता में कहते हैं कि जो प्रेमपूर्वक मेरी सेवा करने में निरन्तर लगे रहते हैं, उन्हें मैं ज्ञान प्रदान करता हूँ, जिसके द्वारा वे मुझ तक आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को ज्ञात होना चाहिए कि कृष्ण प्रेम प्राप्ति ही जीव का मूल लक्ष्य है। जब लक्ष्य निर्दिष्ट है, तो पथ पर मन्दगति से प्रगति करने पर भी अंतिम लक्ष्य प्राप्त हो जाता है। चंद्रोदय मंदिर के नवीन प्रागंण में आयोजित गौर पूर्णीमा महामहोत्सव के दौरान भक्ति से भाव विभोर होकर भक्त अपने आराध्य को निरंतर निहारते रहे। इस कार्यक्रम में मथुरा, आगरा, लखनऊ, दिल्ली, गुरूग्राम, जयपुर, हरियाणा एवं मध्यप्रदेश के अन्य जिलों भक्तगण परिकर उपस्थित हुए।

दुबई में रंगीली होली - ब्रज की धूम

युवा, बृद्ध और महिलाओं सहित समस्त जनता रंगों में रंग कर ब्रज की होली मना रहे है

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। संयुक्त अरब अमीरात में बड़े धूमधाम से होली का त्यौहार मनाया गया। रंग, संगीत, मिठाई और प्यार से भरे इस त्यौहार में भारतीय प्रवासियों के साथ विदेशियों का होली मिलन, सुन्दर सौहार्द को प्रस्तुत कर रहा है। वहीं विदेशियों के बीच होली के रसिया गाये गए जिसमें विदेशियों ने भी जमकर अबीर गुलाल के साथ ब्रज की होली का लुफ्त उठाया।

सोमवार को भारतीय काउंसिल के महासचिव डा. साहित्य चतुर्वेदी के ने बताया कि वर्ष 2024 की होली में नेचुरल तथा आर्गेनिक रंगों का प्रयोग किया जा रहा है जिसमें रंग विरंगे फूलों की होली एक नया अनुभव दे रही है । इस अवसर पर मनीष शास्त्री द्वारा एक सप्ताह पर्यन्त मथुरा से आकर भागवत कथा का मन मोहक आयोजन किया है । वहीं

प्रसिद्ध व्यापारी चंद्रशेखर भाटिया ने बताया कि आज यूएई में समस्त जनता प्रेम और सौहार्द का उत्सव मना रही है। यहाँ एक ओर मंदिरों में होली के रसिया गाये जा रहे हैं तो दूसरी ओर रमजान की अजान का आदर किया जा रहा है । युवा, बृद्ध और महिलाओं सहित समस्त जनता रंगों में रंग कर ब्रज की होली मना रहे हैं।

कीर्तनकार नत्थी लाल शर्मा के साथ मधुप चतुर्वेदी का ढप पर गायन, राधिका के सुरीले रसिया, साहित्य चतुर्वेदी का संगीत, मीहीर भाई की मृदंग, अरविंद की ढोलक, सचिन की झाँझ झनकारों में गुलाल की होली, हर व्यक्ति को दुबई में थिरकने का न्यौता दे रही है । दुबई के मंदिरों में सायंकाल से लेकर दूसरे दिन के सोमवार सुबह तक होली दहन के कार्यक्रम रखे गये हैं जिसमें ब्रज संगीत का गायन और नृत्य, होली के गुलाल में चमकीली अमीरात का सम्मान कर रहा है । भारतीय समाज के वरिष्ठ बासू भाई, राम बख्सानी, ललित काराणी, अशोक भाटिया, सुरेश गिलानी, व्यासी जोशी, माला चतुर्वेदी, देवा सोलंकी आदि ने मिठाईयां वितरित करते हूए रमजान के अवसर पर होली की शुभकामनाएँ प्रदान करी हैं । इस अवसर पर भारतीय राजदूतों ने समस्त जन मानस को बधाईयां दीं और रमजान के महीने में बसंत के त्यौहार को प्रेमपूर्ण तरीके से आयोजित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की हैं।

आज आएंगे मुयमंत्री, प्रबुद्ध समेलन को संबोधित करने से पूर्व करेंगे जन्मभूमि में ठाकुरजी के दर्शन

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के चुनाव प्रचार में जुटेंगे। उनके चुनाव प्रचार अभियान का शुभारंभ 27 मार्च से शुरू होने वाले प्रबुद्ध सम्मेलनों की श्रृंखला से होगी। मुख्यमंत्री योगी प्रत्येक दिन तीन लोकसभा क्षेत्रों में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। उनका पहला प्रबुद्ध सम्मेलन भगवान कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में होगा। उसके उपरांत वह मेरठ और गाजियाबाद में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री सरकारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री करीब बुधवार को 11 बजे खेरिया आगरा एयरपोर्ट पर पहुंच जाएंगे वहां से वह हेलीकॉप्टर द्वारा मथुरा के श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर पर बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे। श्रीजी बाबा मंदिर स्कूल से मुख्यमंत्री योगी श्री कार द्वारा पहुचेंगे। कृष्ण जन्म स्थान पर दर्शन पूजा कर गोवर्धन चौराहा स्थित मंगलम रिसोर्ट में प्रबुद्ध वर्ग को संबोधित करेंगे। श्री योगी सम्मेलन में 1 घंटे मौजूद रहेंगे। सवा बजे करीब मुख्यमंत्री मथुरा से मेरठ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों की बैठक कार्यक्रम स्थल पर आयोजित की गई। बैठक में पदाधिकारियों को कार्यक्रम संबंधी दिशा निर्देश दिए गए।

भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने बताया कि नगर के प्रत्येक मंडल से प्रबुद्धजनों को सम्मलेन में आमंत्रित किया गया है। बैठक में राजू यादव, सुनील चतुर्वेदी, राजवीर सिंह, मुकेश खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, मूलचंद गर्ग, संजय शर्मा, राजेंद्र पटेल, श्याम सिंघल, जुगल किशोर अग्रवाल, चंद्रपाल कुंतल, हेमंत अग्रवाल, धर्मेश सोनकर, अवधेश उपाध्याय, सुरभि अग्रवाल, ज्ञानेंद्र राणा, कुंजबिहारी चतुर्वेदी, पंकज वशिष्ठ, नितिन शर्मा, गजेंद्र चौधरी, सुरेंद्र निषाद, रामरतन चौधरी, विनीत शर्मा, यशराज चतुर्वेदी, विक्रम मुदगल, सुनील तरकार, राहुल रजावत, दीपांकर भाटिया, शुभम ठाकुर आदि मौजूद रहे।

मंदिर सेवायत राजू कौशिक ने दुपट्टा माला पहनकर डॉ.कमलकांत उपमन्यु का स्वागत किया

बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी डॉ.कमलकांत उपमन्यु ने गिरिराजजी के दर्शन कर मांगा जीत का आशीर्वाद

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। लोकसभा चुनाव की तैयारी का बिगुल बज चुका है। सभी पार्टियों के द्वारा अपने-अपने प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बसपा ने भी मथुरा सीट से भाजपा की दो बार की संसद हेमा मालिनी के खिलाफ पत्रकारिता क्षेत्र के दिग्गज और ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

बसपा से टिकट मिलने के बाद डॉ. कमलकांत उपमन्यु मंगलवार को सर्वप्रथम गिर्राज महाराज के दर्शन करने गोवर्धन पहुंचे, जहां गिरिराज जी की पूजा अर्चना कर अपनी जीत का आशीर्वाद मांगा। मंदिर सेवायत राजू कौशिक ने दुपट्टा माला

पहनकर डॉ.कमलकांत उपमन्यु का स्वागत किया और पूजा अर्चना कराई। पत्रकार वार्ता में बसपा प्रत्याशी कमलकांत उपमन्यु ने कहा कि दो बार की भाजपा सांसद हेमा मालिनी अपने एक भी वायदे पर खरी नहीं उतर पाई हैं आज तक यमुना का शुद्धिकरण नहीं हो पाया है विकास के तमाम वायदे खोखले साबित हुए हैं। एयर कंडीशन गाडियों में चलने वाली अभिनेत्री आरो केंट का प्रचार बड़े खुशी से करती हैं लेकिन क्या वह यमुना जल से आचमन कर सकती हैं मैं ब्रज का बेटा हूं मैं यमुना जल पी भी सकता हूं और उसे शुद्ध करने के भी पूरे प्रयास करूंगा।

बसपा प्रत्याशी ने बृजवासी और क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि एक बार मुझे सेवा का अवसर प्रदान किया तो क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा और जो भी समस्याएं हैं उनको प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराऊंगा। इस अवसर पर परीक्षित कौशिक रसिक बिहारी मुखिया मनोज शर्मा नरेश उपाध्याय आशु कौशिक पंकज मुखिया मंदिर सेवायत राजू कौशिक मोहित गोस्वामी यादव आदि ने डॉ.कमलकांत उपमन्यु का माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया।

जिला कारागार में कैदियों ने मनाया होली पर्व

मथुरा। जिला कारागार मथुरा में होली का पर्व बड़े हर्ष उल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कारागार में निरूद्ध बन्दियों द्वारा हर्बल गुलाल का उपयोग कर आपस में होली खेली गयी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को अनुशासन के साथ बैरकों से निकालकर होली का आयोजन सर्किल में कराया गया। सभी बन्दियों ने आपस में होली खेली तथा एक दूसरे को गले लगाया। इस दौरान बन्दी अपना दुःख-दर्द भूलकर नाचने लगे। वर्तमान में मुस्लिम बन्दियों के द्वारा रोजा रखा जा रहा है। जो बन्दी होली खेलने के इच्छुक नही थे वे अपनी बैरकों में बने रहे। होली के अवसर पर कारागार प्रशासन चुस्त रहा तथा होली त्योहर सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस दौरान जेल अधीक्षक सभी कैदियों को होली की शुभकामना दी।

जीवेगो सो खेलेगो...के साथ हुआ बरसाना के 40 दिवसीय होली महोत्सव का समापन

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। बरसाना की लाडली श्रीराधारानी के आंगन में 40 दिवसीय होली उत्सव का सोमवार समापन हो गया। इस बीच जमकर राधारानी ने अपने गर्भग्रह से बाहर निकलकर मंदिर परिसर में स्थित सफेद छतरी में विराजमान होकर भक्तों पर कृपा का सागर उड़ेला।

सफेद छतरी में विराजमान हुई श्रीराधारानी बरसाई भक्तों पर कृपा

बरसाना में होने वाली प्रसिद्ध लड्डू व लठामार होली तथा फाग महोत्सव का शुभारंभ बंसत पंचमी के दिन से लाडली जी मंदिर में ध्वज रूपी डाढ़ा गाढ़कर किया जाता है। चालीस दिवसीय इस होली महोत्सव के आनंद के रंग में श्रद्धालु बड़े भाव से राधाकृष्ण की इन लीलाओं का आनंद लेते है। गोस्वामी समाज के लोगो द्वारा मन्दिर परिसर में फाग महोत्सव का अन्तिम पद जीवेगो सो खेलेगो... गाकर चालीस दिवसीय होली धमार का समापन कर दिया। इसके साथ ही ढप, मृदंग, झांझ आदि अगले वर्ष के लिए रख दिए गए। शाम पांच बजे बृषभान नंदनी के डोला को सेवायत कंधों पर उठाकर मंदिर परिसर में बनी संगमरमर की सफेद छतरी में विराजमान किया। होली महोत्सव के अंतिम दिन राधा-कृष्ण की युगल जोड़ी के दर्शन करके श्रद्धालुओं ने अपने आपको कृतार्थ माना। बृषभान नंदनी भी अपने भक्तों पर कृपा का सागर उड़ेल रही थी। शाम सात बजे लाडली जी के डोले को वापस मंदिर में ले जाया गया। इसके उपरांत गोस्वामी समाज की कन्याओं द्वारा आरती की गई। वहीं श्यामा प्यारी के नजदीक से दर्शन करने के लिए श्रद्धालु बेताब नजर आ रहे थे। पूरा मंदिर परिसर राधा-कृष्ण के जयघोष से गुंजेयमान हो उठा।

राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय शिविर का शुभारंभ मतदाता जागरूकता अभियान के साथ

तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी

मथुरा। किशोरी रमन कन्या स्नाकोत्तर महाविद्यालय मथुरा की प्रथम एवं द्वितीय इकाइयों के सप्त दिवसीय शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 लकी गुप्ता के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मनीषा शर्मा एवं डॉ0आम्रपाली के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता स्वीप टीम कोऑर्डिनेटर प्रो0 पल्लवी सिंह, मांट विधानसभा कोऑर्डिनेटर डॉ0 दीन दयाल, जिला साक्षरता क्लब प्रभारी मनीष दयाल एवं प्रधानाचार्य परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 महिपाल सिंह की उपस्थिति में हुआ. अतिथियों द्वारा युवाओं के प्रेरक स्वामी विवेकानंद पर पुष्प अर्पित करने के बाद छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत की प्रस्तुति की तथा मतदाता जागरूकता टीम ने 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी कर चुके कर चुकी प्रत्येक छात्र छात्रा को मतदाता पंजीकरण आवश्यक रूप से करने के लिए प्रेरित किया तथा इसके लिए मतदाता पंजीकरण की ऑफलाइन एवं ऑनलाइन विधि से परिचित कराया तथा 26 अप्रैल को मतदाता के रूप में पंजीकृत प्रत्येक नागरिक को सभी कार्यों को छोड़कर पहले मतदान हेतु केंद्र पहुंचने की अभियान को तीव्र गति देने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली जो स्टेट बैंक मुख्य शाखा से होती हुई बस स्टैंड पहुंची वहां छात्राओं ने मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर लोगों को मतदान की प्रति जागरूक किया।